वित्त आंकड़े विश्लेषक (एनएचएम-वित्त) पद के टीओआर

प्रभाग का नाम	**एनएचएम वित्त प्रभाग (वित्तीय प्रबंधन समूह)**
को रिपोर्ट	**निदेशक (एनएचएम-वित्त), अवर सचिव (एनएचएम-वित्त) और वित्त नियंत्रक**
पद का नाम	**वित्त आंकड़े विश्लेषक**
पद की संख्या	**एक**
स्थान	**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पदों के लिए पूर्णत: तदर्थ आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

1. पृष्ठभूमि

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का एक अंब्रेला कार्यक्रम है जो विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में संपूर्ण जन स्वास्थ्य सेवा प्रदानगी प्रणाली है। एनएचएम के तहत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन तथा निगरानी में सहायता हेतु तकनीकी सहायता के रूप में अपेक्षित जनशक्ति संविदात्मक आधार पर है।

2. उद्देश्य

केन्द्रीय स्तर पर एक वित्त आंकड़े विश्लेषक को एनएचएम के तहत एनएचएम आरसीएच फ्लैक्सीबल पूल सहित एचएसएस फ्लेक्सीबल पूल, एनसीडी फ्लेक्सीबल पूल, एनयूएचएम फ्लेक्सीबल पूल तथा डाटा एंट्री सहित एनडीसीपी फ्लेक्सीबल पूल, निधियों को जारी करने, व्यय, एफएमआर, एसएफपी अव्ययित शेष, सांविधिक लेखा परीक्षा, समवर्ती लेखा परीक्षा उपयोगिता प्रमाण पत्रों तथा वित्तीय समीक्षा बैठकें आयोजित करना तथा राज्यों द्वारा की गई कार्रवाई की निगरानी करना है।

3. कार्य क्षेत्र

मुख्य जिम्मेदा रियां :

(i) राज्यों तथा राज्य-वार एफएमजी दलों से प्राप्त आंकड़ों का सम्मेलन तथा संरक्षण।

(ii) एनएचएम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों हेतु उपयोगिता डाटा बेस तथा घटक-वार जारी निधियों का संकलन।

(iii) केंद्र स्तर पर एनएचएम के तहत कवर किए सभी कार्यक्रमों हेतु अनुकूल राज्य अंशदान का संकलन।

(iv) यदि अनिवार्य हो तो क्षेत्र सत्यापन के माध्यम से राज्य, एफएमजी एनडीसीपी तथा अन्य अनुदान देने वाले संस्थानों से प्राप्त आंकड़ों के सत्यापन के बाद एक उचित तकनीकी डाटाबेस तैयार करना।

(v) राज्य-वार एफएमजी दलों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आबंटन, नियुक्ति तथा व्यय की प्रतिशतता के संदर्भ में तुलनात्मक विवरण करना तथा वित्तीय एमआईएस गतिविधि वार प्रभाग-वार तिमाही तथा वर्ष-वार आंकड़ों का विश्लेषण करना।

(vi) समय-समय पर संसदीय प्रश्नों/समितियों, आरटीआई, वीआईपी संदर्भों, बजट संबंधी मामलों, कैग तथा तथा डीजीएसीई आदि के संबंध में समय-समय पर सूचना एवं डाटा सहायता प्रदान करना।

(vii) अधिसूचित ट्रेड के संदर्भ में राज्यों/संघ शासित राज्यों में वित्त/लेखा/आंकड़े प्रसंस्करण में संशोधन तथा समीक्षाओं का सुझाव देगा।

(viii) राज्यों/संघ शासित राज्यों में संपूर्ण आंकड़े प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण आयोजित करना तथा क्षमता निर्माण तथा एनएचएम के तहत सीआरएम तथा अन्य समीक्षा बैठकों में भाग लेना।

(ix) वेब सामग्री का नियमित उन्नयन तथा मंत्रालय की वेबसाइट पर स्वीकृत आदेशों को अपलोड करना।

(x) समय-समय पर सौंपा गया कोई भी कार्य।

4. आऊटपुट

सभी कार्यों तथा जिम्मेदारियों को समय पर पूरा करना तथा निदेशक (एनएचएम-वित्त) अवर सचिव (एनएचएम-वित्त), वित्त नियंत्रक तथा वित्त विश्लेषकों को कार्य में सहयोग देना।

5. योग्यता :

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से बी. कॉम (आनर्स) अथवा एम.कॉम अथवा एमबीए (वित्त) अथवा समानांतर डिग्री।

6. अनुभव :

सामाजिक तथा निजी क्षेत्र में वित्त तथा लेखा परीक्षा आंकड़े प्रबंधन मे न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव। कंप्यूटरीकृत एकाउंटिंग पैकेज की जानकारी तथा अन्य सॉफ्टवेयर जैसे टेली, एम.एस. आफिस, एम.एस. वर्ड तथा एम.एस. पॉवर प्वांइट की जानकारी को वरीयता दी जाएगी।

7. यात्रा तथा निर्वाह भत्ता

परामर्शदाता राज्य/जिला/ब्लॉक/ग्रामीण स्तर पर व्यापक रूप से यात्रा करने का इच्छुक होना चाहिए। यात्रा के दौरन परामर्शदाता को यात्रा/खर्चे हेतु समतुल्य पद पर सरकारी नियमों के अनुसार प्रतिदिन नि र्धारित भत्ते दिए जाएंगे।

8. परामर्श संविदा की अवधि

प्रारंभ में यह संविदा 31 मार्च, 2020 तक के लिए होगी, बाद में कार्य निष्पादन तथा प्रभाग की आवश्यकता के आधार पर इसे बढ़ाया जा सकता है।

9. पारिश्रमिक :
योग्यता तथा अनुभव के आधार पर परामर्शदाता को 60,000/- से 1,20,000/- रुपये तक के मासिक पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा।

10. आयु सीमा :
आवेदक की अंतिम तिथि पर अधितिम आयु सीमा 45 वर्ष।

अन्यथा पात्र उम्मीदवारों हेतु औपचारिक शैक्षिणिक योग्यता,अनुभव तथा आयु में छूट दी जा सकती है।

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, को डाउनलोड करें तथा दिनांक **21-Oct-2019** तक आवेदन पूर्णतया भर कर nhm.recruitments@gmail.com पर ई-मेल करें। अन्य रूप से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में आवेदित पद का उल्लेख किया गया है अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।